चैत्र शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

गुरुवार, 11 अप्रैल 2024

वर्ष 5, अंक 144, पृष्ठ 18

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार



# पुलिस मॉर्डन स्कूल और राधा माधव ने जीते मैच

मैच के दौरान गेंद पर शॉट लगाता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित पंचम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन बुधवार को हार्टमन कालेज और पुलिस मार्डन स्कूल पीएसी, सेक्रेड हार्ट स्कूल और राधा माधव स्कूल के बीच मैच हुए।

पुलिस मार्डन स्कूल ने हार्टमन कालेज को 54 रन और राधा माधव पब्लिक स्कूल ने सेक्रेड हार्ट स्कूल को 61 रन से हराया। पहला मैच हार्टमन कालेज और पुलिस मार्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल पीएसी के बीच हुआ। इसमें पुलिस मार्डन स्कूल की टीम ने 20 ओवर में 157 रन बनाए। जवाब में हार्टमन कालेज की टीम 16.1 ओवर में 103 रन बना कर पैवेलियन लौट गई। दूसरे मैच में राधा माधव की टीम ने 144 रन बनाए। सेक्रेड हार्ट की टीम ने 11.5 ओवर में 83 रन पर ऑल आउट हो गई। आयोजकों के अनुसार गुरुवार को ईद के अवकाश के चलते टूर्नामेंट के अगले मैच शुक्रवार को खेले जाएंगे। जिसमें पहला मैच सेंट फ्रांसिस कांवेंट और पुलिस मार्डन स्कूल सिविल लाइंस और दूसरा मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल और मानस स्थली स्कूल के बीच होगा।